**'अल्पसंख्यक कल्याण हेतु प्रधान मंत्री का 15 सूत्री कार्यक्रम' और 'सच्चर समिति की सिफारिशों का कार्यान्वयन' के विभिन्न मुद्दों का प्रचार करने वाली सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया यूनिटों द्वारा चलाए गए प्रचार पर की गई कार्रवाई नोट**

**अक्तूबर 2019 - दिसंबर 2019**

**<u>पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी)</u>**

- पत्र सूचना कार्यालय नियमित रूप से प्रधान मंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारिशों के तहत अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विज्ञाप्तियां/लेख जारी करता रहा है।
- इस विषय पर इसके विभिन्न क्षेत्रों से 10 वार्तालाप आयोजित की गईं और 128 प्रेस विज्ञाप्तियां जारी की गईं।

**<u>लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी)</u>**

➢ **प्रिंट विज्ञापन**

- ब्यूरो अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित विषयों पर अखिल भारतीय आधार पर समय-समय पर विज्ञापन जारी करता रहा है जिनमें उनके लिए उपलब्ध भारत सरकार की विभिन्न स्कीमों, निधियों, छात्रवृत्तियों आदि की जानकारी दी जाती है।
- इस तिमाही के दौरान ब्यूरो ने अनेक समाचारपत्रों में 07 विज्ञापन जारी किए।
- "छात्रवृत्ति 2019-20", "हुनर हाट" और "क्राफ्ट और कूजीन का संगम – हुनर हाट" विषयों पर समाचारपत्रों में विज्ञापन जारी किए गए।

➢ **बाह्य प्रचार अभियान**

- ब्यूरो ने इस तिमाही के लिए आउटडोर, डिजिटल सिनेमा, प्राइवेट एफएम और टीवी में इस विषय पर कोई भी अभियान नहीं चलाया/प्रचार नहीं किया।

➢ **क्षेत्र प्रचार**

- लोक संपर्क और संचार ब्यूरो के क्षेत्र लोक संपर्क ब्यूरो (एफओबी) ने देश के विभिन्न भागों में अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु प्रधान मंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन के विषय पर विभिन्न प्रचार कार्यक्रम आयोजित किए हैं।
- इन अभियानों का मुख्य बल सरकार की अन्य प्रमुख स्कीमों के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छता ही सेवा – प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अभियान, फिट इंडिया,

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण/जल शक्ति अभियान, प्रधान मंत्री जन औषधि योजना, पोषण अभियान, मिशन इंद्रधनुष, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती, गुरु नानक देव जी की 550वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस पर था।

- इन ब्यूरो ने लक्षित दर्शकों के साथ कार्यकलापों में स्थानीय भाषाओं आदि में आयोजित विशेष लोक संपर्क कार्यक्रमों (एसओपी), समूह परिचर्चाओं, प्रश्नोत्तर सत्रों, जन सभाओं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और फिल्म शो जैसे विभिन्न फॉर्मेटों का उपयोग किया।
- इन ब्यूरो ने सरकार की स्कीमों के संबंध में फिल्म शो, समूह परिचर्चाओं, फोटो प्रदर्शनियों आदि सहित लगभग 750 कार्यकलाप आयोजित किए।
- इस तिमाही के दौरान इन ब्यूरो ने पूरे देश में 171 गांवों को शामिल करते हुए अल्पसंख्यक बहुलता वाले अनेक गांवों में अपने प्रचार कार्यक्रमों के माध्यम से 96 हजार से अधिक लोगों (लगभग) को जागरूक किया।

**<u>आकाशवाणी</u>**

- आकाशवाणी के केंद्रों ने 'अल्पसंख्यक कल्याण' पर उपयुक्त कार्यक्रम चलाकर इस विषय का व्यापक प्रचार किया।
- विभिन्न फॉर्मेटों का इस्तेमाल किया गया जिनमें वार्ताएं, परिचर्चाएं, साक्षात्कार आदि शामिल थे।
- इन कार्यक्रमों का मुख्य बल 15 सूत्री कार्यक्रमों और सच्चर समिति की रिपोर्ट के विभिन्न घटकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर रहा।
- इस तिमाही के दौरान आकाशवाणी के केंद्रों द्वारा कुल 533 कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया।

**<u>दूरदर्शन</u>**

- समूचे देश में दूरदर्शन के विभिन्न केंद्रों ने विभिन्न फॉर्मेटों के माध्यम से अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु प्रधान मंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर कार्यक्रमों का प्रसारण किया।
- कार्यक्रमों के फॉर्मेटों में परिचर्चाएं, लाइव फोन-इन, साक्षात्कार, पैनल परिचर्चाओं का सीधा प्रसारण आदि शामिल था।
- इस तिमाही के दौरान दूरदर्शन केंद्रों द्वारा कुल 205 कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया।

*****

# सूचना और प्रसारण मंत्रालय

## अक्तूबर से दिसंबर, 2019 तक राज्य-वार तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | बीओसी (एफओबी) द्वारा फिल्ड कार्यकलापों की संख्या | पीआईबी द्वारा वार्तालाप | आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | बीओसी द्वारा प्रिंट मीडिया में वचनबद्धता (रु. में) | दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार | - | - | - | 4,113 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | - | 1 | 6 | 18,436 | - |
| 3 | तेलंगाना | | 1 | - | 46,414 | - |
| 4 | अरूणाचल प्रदेश | 85 | - | - | 0 | - |
| 5 | असम | 16 | - | 3 | 18,067 | - |
| 6 | बिहार | 34 | - | 38 | 1,02,459 | 13 |
| 7 | चंडीगढ़ | - | - | - | 0 | - |
| 8 | छत्तीसगढ़ | 42 | - | 47 | 18,789 | 5 |
| 9 | मध्य प्रदेश | 62 | 1 | 6 | 1,05,586 | 30 |
| 10 | दादरा एवं नगर हवेली | - | - | - | 8,527 | - |
| 11 | दमन एवं दीव | - | - | - | 8,527 | - |
| 12 | गुजरात | 8 | 1 | 208 | 39,545 | 55 |
| 13 | जम्मू एवं कश्मीर | 52 | - | 8 | 56,977 | - |
| 14 | झारखंड | - | - | - | 61,672 | - |
| 15 | कर्नाटक | 205 | 1 | 6 | 12,640 | - |
| 16 | केरल | 119 | 1 | 13 | 50,242 | 5 |
| 17 | लक्षद्वीप | | - | - | 0 | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | महाराष्ट्र | - | - | 36 | 0 | 8 |
| 19 | गोवा | | - | - | 0 | - |
| 20 | मिजोरम | 118 | - | 25 | 21,817 | - |
| 21 | मेघालय | | - | - | 0 | - |
| 22 | त्रिपुरा | | - | 12 | 8,527 | - |
| 23 | नागालैण्ड | - | - | 1 | 8,527 | - |
| 24 | मणिपुर | | - | - | 25,885 | 8 |
| 25 | पंजाब | - | - | 5 | 18,436 | 31 |
| 26 | हिमाचल प्रदेश | | - | - | 7,062 | - |
| 27 | हरियाणा | | - | - | 0 | - |
| 28 | दिल्ली | | - | - | 0 | - |
| 29 | ओडिशा | - | - | 5 | 35,293 | 5 |
| 30 | पुदुचेरी | - | - | - | 0 | - |
| 31 | राजस्थान | 10 | 1 | - | 1,19,857 | 27 |
| 32 | तमिलनाडु | - | 1 | 43 | 37,737 | - |
| 33 | उत्तराखंड | - | - | - | 39,335 | - |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 6 | 2 | 71 | 6,84,077 | 14 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | - | - | - | 49,552 | 4 |
| 36 | सिक्किम | | - | - | 0 | - |

***